राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक एवं तरुचिन्तन-2026 का विमोचन

दिनांक 18.06.2026 को श्रीमती कंचन देवी, महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प. महोदया की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भा.वा.अ.शि.प. मुख्यालय के उप महानिदेशक/सहायक महानिदेशक, वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थें तथा सभी संस्थानों के निदेशक/ वरिष्ठ अधिकारीगण एवं राजभाषा अधिकारी/कर्मचारी ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित थे। बैठक के प्रारंभ में डॉ. गीता जोशी, सहायक महानिदेशक (मी. व वि.) ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया। इसी क्रम में श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा) ने संसदीय राजभाषा समिति द्वारा भा.वा.अ.शि.प.-हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला का हाल ही में किए गए राजभाषाई निरीक्षण तथा प्राप्त निर्देशों से संबंधित प्रमुख जानकारियाँ स्क्रीन पर प्रदर्शित करते हुए सभी से साझा की। साथ ही, बैठक में मुख्यालय सहित सभी संस्थानों में राजभाषा कार्यान्वयन पर किए गए प्रगति की समीक्षा की गई तथा चर्चा की गई। अंत में परिषद की वार्षिक गृह पत्रिका 'तरुचिन्तन' 2026 का विमोचन किया गया। महानिदेशक महोदया ने राजभाषा में हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक की कुछ झलकियां